*प्रेस विज्ञप्ति*
*जनपद मुरादाबाद*

*दिनांकः-26-11-2022*

***1-रंगदारी वसूलने का आरोपी गिरफ्तार थाना ठाकुरद्वाराः-***

अवगत कराना है दिनांक 25.11.2022 को वादी निवासी थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्रान्तर्गत ने द्वारा वादी के वैवाहिक जीवन के प्राइवेट फोटो चुरा कर वादी की पत्नी के नम्बर पर मेसेज कर पैसो की डिमान्ड करने के सम्बन्ध में थाना ठाकुरद्वारा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना ठाकुरद्वारा पर मु0अ0सं0-524/2022 धारा- 384 भा0द0वि0 व 67 IT Act पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.11.2022 को निरीक्षक अपराध श्री प्रभाकर शर्मा थाना ठाकुरद्वारा द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त मौ0 अरमान पुत्र मोबीन नि0 गुलहर घटटी नई बस्ती रामनगर जिला नैनीताल उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया।

***2- चोरी की बाईक व ई-रिक्शा के साथ 01 वाहन चोर गिरफ्तार थाना पाकबड़ाः-***

अवगत कराना है कि दिनांक 22.11.2022, 23.11.2022 को वादी फय्याज खां पुत्र श्री बुन्दू खां निवासी ग्राम भाण्डरी थाना पाकबडा जिला मुरादाबाद, लताफत खां पुत्र अल्ली खां निवासी ग्राम भाण्डरी थाना पाकबडा जिला मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी का ई-रिक्शा एवं मोटरसाईकिल चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0 क्रमशः 339/2022, 344/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत किये गये। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.11.2022 को उ0नि0 श्री कर्मवीर सिंह तालान थाना पाकबड़ा द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से प्रकाश में आये अभियुक्त नितिन कुमार पुत्र रघुवीर सिह निवासी ग्राम चक काली लेट थाना अमरोहा देहात जिला अमरोहा को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की ई-रिक्शा एवं मोटरसाईकिल स्पलैण्डर प्लस बरामद की गयी। बरामद की आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी।

***गिरफ्तार अभियुक्तः-***

नितिन कुमार पुत्र रघुवीर सिह निवासी ग्राम चक काली लेट थाना अमरोहा देहात जिला अमरोहा

***बरामदगीः-***

01 मोटर साईकिल स्पलेंडर प्लस व 01 ई रिक्शा।

***आपराधिक इतिहासः***

1-मु0अ0स0 116/2021 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना छजलैट मुरादाबाद।
2-मु0अ0स0 104/2020 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना अमरोहा देहात अमरोहा
3-मु0अ0स0 131/2021 धारा 413/414 भा0द0वि0 थाना अमरोहा देहात अमरोहा
4-मु0अ0स0 132/2021 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना अमरोहा देहात अमरोहा
5- मु0अ0सं0 339/2022, धारा 379/411 भादवि थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद।
6-मु0अ0सं0 344/2022 धारा 379/411 भादवि थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद।

***3-अवैध चाकू के साथ 02 गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-***

अवगत कराना है कि आज दिनांक 26.11.2022 को उ0नि0 श्री कृष्ण कुमार थाना सिविल लाईन्स द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्तगण 1- राहुल उर्फ पुद्दी पुत्र मुन्ना सिंह निवासी पटेलनगर निकट गत्ता फैक्ट्री थाना सिविल लाईन्स, मुरादाबाद 2- बादल पुत्र स्व0 रवि कुमार निवासी रेलवे हरथला कालोनी थाना सिविल लाईन्स मुरादाबाद को 01-01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0 क्रमशः 989,990/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किये गये।

***4- अवैध कच्ची शराब के साथ 01 गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-***

अवगत कराना है कि आज दिनांक 26.11.2022 को उ0नि0 श्री सोमपाल सिंह थान सिविल लाईन्स द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त अनुप कुमार उर्फ भोला पुत्र जसवन्त सिंह निवासी काशीराम नगर भोगपुर मिठौनी थाना मझोला मुरादाबाद को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0-988/2022 धारा- 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

***5-बाल विवाह कराने का 01 और आरोपी गिरफ्तार थाना मूढापाण्डे:-***

अवगत कराना है कि दिनांक 04.11.2022 को वादी निवासी थाना मूढापाण्डे क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री का निकाह करा देना तथा अभियुक्त द्वारा उसके साथ शरीरिक सम्बन्ध बनाये जाने के सम्बन्ध में थाना मूढापाण्डे पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूढापाण्डे पर मु0अ0सं0 -329/22 धारा 376/354/114/366/370क भादवि व 3/4 व 7/8 पोक्सो एक्ट व 9/10/11 बाल विवाह निषेध अधि0 व 75 किशोर न्याय अधिनियम पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना मूढापाण्डे पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त 1-फैसल पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम आमला घाट थाना मूढापाण्डे, मुरादाबाद 2-अमजद रजा पुत्र नन्हे हुसैन निवासी ग्राम गुलडिया थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद को पूर्व में ही गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है। उक्त के क्रम में आज दिनांक 26.11.2022 को व0उ0नि0 श्री धर्मपाल सिह थाना मूढापाण्डे द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त शकील पुत्र जमील निवासी ग्राम सीकमपुर पाण्डे थाना मूढापाण्डे मुरादाबाद को अन्तर्गत धारा 366/370क भादवि व 10/11 बाल विवाह निषेध अधि0 व 75 किशोर न्याय अधि0 गिरफ्तार किया गया।

***6-अवैध चाकू के साथ 01 गिरफ्तार थाना कुन्दरकी:-***

अवगत कराना है कि आज दिनांक 26.11.2022 को उ0नि0 श्री विजय सिंह थाना कुन्दरकी द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त कासिम पुत्र सफीक निवासी मो0 कायस्थान कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुन्दरकी पर मु0अ0सं00-245/2022 धारा-4/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया गया।

***7-षड़यन्त्र के तहत, धोखाधड़ी करके न्यासभंग करने का 01 और आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्स:-***

अवगत कराना है कि दिनांक 24.11.2022 को महेन्द्र सिंह पुत्र श्री बालेश्वर दयाल वर्तमान नियुक्ति शाखा प्रबन्धक कैनरा बैंक सिविल लाईन्स मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा बैंक ग्राहकों के साथ मिलकर सुनियोजित षडयंत्र व सोची समझी साजिश के तहत बैंक के साथ कपट, जालसाजी, न्यासभंग कर स्वर्ण खातों में बंधक स्वर्ण की गलत जाँच कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाईन्स पर मु0अ0सं0 -986/2022 धारा-420/406/120बी भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 25.11.2022 को सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा अभियुक्त रोहित शर्मा पुत्र स्व0 पंकज शर्मा निवासी उदय नगर कालोनी पावर हाउस स्टेशन रोड थाना बिलारी जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है। आज दिनांक 26.11.2022 को उ0नि0 श्री विनोद कुमार थाना सिविल लाईन्स द्वारा हमराही पुलिस बल की मदद से अभियुक्त विनय कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम रूस्तमनगर सहसपुर थाना बिलारी जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।